नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर का राजभाषा कार्यशाला संपन्न।

दिनांक 08 फरवरी,2018 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर का एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड,पाइप लाइन डिवीजन, संबलपुर में श्री बी.सी.त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबं.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि), एमसीएल/सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में श्री एन.के.दुबे,कार्यालय अध्यक्ष, कार्यान्वयन कार्यालय(पूर्वी क्षेत्र),गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,भारत सरकार,कोलकाता मुख्य वक्ता, श्री एस.के.पटनायक,उप महाप्रबंधक, इंडियन आयल पाइपलाइन डिवीजन,संबलपुर मुख्य अतिथि एवं डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों को भारत सरकार की राजभाषा नीति, अधिनियम एवं नियमों का अपने-अपने कार्यालय में पूर्णत: अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से ही हमें कार्यालयीन कार्य हिंदी में कैसे आसानी से कर सकते हैं की जानकारी प्राप्त होती है।

श्री पटनायक ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी एक सरल एवं संपर्क भाषा है। अत: से इसे दिल से अपनाएं ताकि हिंदी राष्ट्रभाषा के साथ-साथ विश्व भाषा भी बन सके।

श्री दुबे ने कार्यालयों में **''राजभाषा संबंधी कार्यान्वयन तथा इस संबंधी नीतिगत जानकारी''** विषय पर सारगर्भित रूप से वक्तव्य दिया उन्होने राजभाषा नीति/अधिनियम/नियमों की स्पष्ट रूप से व्याख्या करते हुए इसके अनुपालन के तौस्तरीकों को बताया। डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा ने भी राजभाषा संबंधी विभिन्न प्रावधानों का जिक्र करते हुए इसे कार्यालयीन कार्यों में सहज रूप से अपनाने पर बल दिया।

कार्यशाला में नराकास, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के बहुसंख्यक प्रतिनिधि गण, राजभाषा अधिकारी गण उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का संचालन श्री बी.आर.साहू कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) एमसीएल ने किया एवं श्री मंजीत कुमार रजक, सहायक प्रबंधक(ओ एण्ड एम), ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा श्री अनंता पटेल, सहायक प्रबंधक(एचआर) आईओसीएलपीएल,संबलपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

IndianOil
MCL
राजभाषा कार्यशाला
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति , संबलपुर
तिथि : 08 फरवरी, 2018
स्थान : इंडियन ऑयल पाइपलाइन डिवीजन, संबलपुर
Reduce Reuse Recycle

IndianOil

IndianOil

IndianOil
राजभाषा कार्यशाला
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति , संबलपुर
तिथि : 08 फरवरी, 2018
स्थान : इंडियन ऑयल पाइपलाइन डिवीजन, संबलपुर
Reduce Reuse Recycle